दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 05 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. कैबिनेट ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं के लिए तेरह हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि की मंजूरी दी।

02. विधानमंडल का बजट सत्र अट्ठाईस फरवरी से होगा शुरू। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी तीन मार्च को बजट पेश करेंगे।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा आज मुंगेर में। लगभग पन्द्रह सौ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास।

04. और, देहरादून राष्ट्रीय खेलों में बिहार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी। साक्षी ने योगा की आर्टिस्टिक स्पर्धा में रजत पदक और जमील अहमद ने लॉन बॉल में कांस्य पदक जीता।

————————————————————————

राज्य मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं के कार्यान्वयन के लिए तेरह हजार एक सौ बयालीस करोड़ रूपये की राशि की योजनाओं को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने एक सौ छत्तीस प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की, जिसमें से बिरासी योजनाएं प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं से जुड़ी है।

———बाईट———

श्री सिद्धार्थ ने कहा कि मार्च महीने में राजगीर में आयोजित की जाने वाली महिला विश्वकप कबड्डी चैपिंयनशिप के आयोजन के लिए आठ करोड़ रूपये आवंटन की मंजूरी दी गयी। वहीं, पटना में सेपक टाकरा विश्व कप के आयोजन को सहमति देते हुये कैबिनेट ने इसके लिए आठ करोड़ रूपये मंजूर किये हैं।

———बाईट———

कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने पटना के बिहटा स्थित बिहार अग्नि प्रशिक्षण अकादमी के नये भवन के निर्माण के लिए छिहत्तर करोड़ रूपये को मंजूरी प्रदान की है। कैबिनेट ने भागलपुर के पीरपैंती में चौबीस सौ मेगावाट के थर्मल पावर प्रोजेक्ट की सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है।

———————————————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र अट्‌ठाईस फरवरी से अट्‌ठाईस मार्च तक चलेगा। इस दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी। राज्य मंत्रिमंडल ने विधानमंडल के बजट सत्र की तिथि पर मुहर लगा दी है। बजट सत्र के पहले दिन अट्‌ठाईस फरवरी को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी तीन मार्च को वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट पेश करेंगे।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के चौथे चरण में आज मुंगेर पहुंच रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री लगभग पन्द्रह सौ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। और ब्यौरा दे रहे है हमारे संवाददाता–

———बाईट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्र की शुरूआत तारापुर के रणगांव से होगी। यहां मुख्यमंत्री 100 करोड़ की लागत से बनने वाले रिंग रोड का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री ऋषिकुंड के सौदर्यीकरण से जुड़ी 22 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री नौवागढ़ी उत्तरी पंचायत के चरौन गांव भी 438 करोड़ की लागत वाली विभिन्न योजना का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे सदर अस्पताल में 32 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 100 बेड के मॉडल अस्पताल और 10 बेड के आईसीयू का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद श्री कुमार अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। इस यात्रा में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ लालन सिंह भी शामिल होंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

———————————————————————————

लोकसभा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के बाद कल ध्वनिमत से प्रस्ताव को स्वीकार किया गया। इससे पूर्व धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने संविधान में निहित मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए अपनी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने गरीब लोगों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप पच्चीस करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं। श्री मोदी ने कहा कि फर्जी लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि दस करोड़ फर्जी नामों को हटाया गया है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने मध्यम वर्ग की आय बढ़ाने के लिए आयकर में इस बार बड़ी छूट दी है।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पच्चीस फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर पटना आयेंगी। इस दौरान वे पीएमसीएच के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। पीएमसीएच के प्राचार्य डॉक्टर विद्यापति चौधरी ने बताया कि राष्ट्रपति ने स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने की सहमति दे दी है। डॉक्टर चौधरी ने बताया कि राष्ट्रपति पीएमसीएच के पुनर्निर्माण के तहत तैयार पहले चरण के प्रशासनिक भवन का उद्‌घाटन भी करेंगी।

——————————————————————

और अब खबरें महाकुम्भ से...

———म्यूजिक———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ जाएंगे। इस दौरान वे त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। एक रिपोर्ट—

———कट———

——————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे की ओर से महाकुम्भ में शामिल हो रहे श्रद्धालुओं के लिए सोलह कुम्भ मेला विशेष ट्रेन चलायी जायेगी। पूर्व मध्य रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यह ट्रेन कल से शुरू होंगी। इसके तहत आनंद विहार—पटना, नागपुर—दानापुर, रांची—टूंडला और भुवनेश्वर—टूंडला के बीच अलग—अलग तिथियों पर विशेष ट्रेन चलायी जायेंगी।

——————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह खान और भू—तत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि घर बैठे बालू मंगवाने के लिए पोर्टल— **बालू मित्र** इसी माह शुरू हो जायेगा। उन्होंने पटना में निरीक्षण एप को लॉन्च करते हुये कहा कि इस एप पर बालू घाटों से लेकर खनन से जुड़ी सभी सूचनाएं और निरीक्षण रिपोर्ट अपलोड किये जायेंगे। मंत्री ने कहा कि निरीक्षण के लिए विभाग में अलग से अनुसंधान कोषांग बनाया गया है।

——————————————————————

सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सीएचओ की ऑनलाईन परीक्षा में हुये फर्जीवाड़ा मामले में आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने मुख्य अभियुक्त आदित्य कुमार उर्फ अंशु को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र के महानंदपुर गांव से हुई। इस मामले में यह अड़तीसवीं गिरफ्तारी है।

——————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मौसम में बदलाव को देखते हुये कल से इंटर की परीक्षा में परीक्षार्थियों के जूते—मोजे पहनकर आने पर रोक लगा दी है। बोर्ड की

ओर से जारी सूचना के अनुसार एक फरवरी से शुरू हुई परीक्षा के लिए आज तक जूते–मोजे पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी गयी थी। गौरतलब है कि इंटर परीक्षा पन्द्रह फरवरी तक चलेगी। परीक्षा में लगभग तेरह लाख परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————————

उत्तराखंड के देहरादून में खेले जा रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार के खिलाड़ियों ने योगा और लॉन बॉल स्पर्धा में दो पदक जीते हैं। पटना की साक्षी ने अलमोड़ा में आयोजित योगा की आर्टिस्टिक स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। वहीं, पटना के रहने वाले जमील अहमद ने लॉन बॉल अंडर ट्वेंटी फाईव पुरूष स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया है। इधर, मुंगेर की अंशिका ने तीरंदाजी की रिकर्व स्पर्धा में झारखंड की कमोलिका बारी को छह–चार से हराकर फाईनल में प्रवेश कर लिया है। इसके साथ ही बिहार का एक और पदक पक्का हो गया है।

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सीतामढ़ी जिले के डुमरा स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति के नये भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राज्य सरकार के चतुर्थ कृषि रोड मैप का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और व्यापारिक गतिविधियां सुगम होंगी।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट अंचल के राजस्व कर्मचारी मनोज कुमार को अनियमितता के आरोप में जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने सहरसा के मोहम्मद सिकंदर के तीन बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली है। दिल्ली स्थित इंडिया गेट पर एक फिल्म की शूटिंग के दौरान सोनू सूद ने मोहम्मद सिकन्दर को पॉपकॉर्न और कैंडी बेचते देखने के बाद उनकी मदद करने का फैसला किया।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसले की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– तेरह हजार एक सौ बयालीस करोड़ रूपये की योजनाओं को मिली मंजूरी।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– रिक्त पदों के लिए बड़े पैमाने पर नियुक्ति की तैयारी।

दैनिक भास्कर ने शिक्षा विभाग से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है– स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड वालों का प्लेसमेंट करायेगी सरकार, ताकि लोन वसूल सके।

प्रभात खबर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को तरजीह देते हुये लिखा है– सब की अपनी राजनीतिक विचारधारा, पर देश से बड़ा कुछ नहीं।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– इंटर परीक्षा के दूसरे दिन सात निष्कासित।

आज अखबार लिखता है–दिल्ली में आज डाले जायेंगे वोट, सीमाएं सील।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. कैबिनेट ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं के लिए तेरह हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि की मंजूरी दी।

02. विधानमंडल का बजट सत्र अट्ठाईस फरवरी से होगा शुरू। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी तीन मार्च को बजट पेश करेंगे।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा आज मुंगेर में। लगभग पन्द्रह सौ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास।

04. और, देहरादून राष्ट्रीय खेलों में बिहार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी। साक्षी ने योगा की आर्टिस्टिक स्पर्धा में रजत पदक और जमील अहमद ने लॉन बॉल में कांस्य पदक जीता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।